MPMETRO

**METRO NEWS**
**02nd MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नई दुनिया | इंदौर | 02.05.2023 | 03 | नगर निगम परिसर मे बनेगा मेट्रो का अन्डरग्राउन्ड स्टेशन, नाम होगा राजवाड़ा | Neutral |



# नगर निगम परिसर में बनेगा मेट्रो का अंडर ग्राउंड स्टेशन, नाम होगा 'राजवाड़ा'

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो के अगले चरण में रीगल तिराहे से गांधीनगर के बीच अंडर ग्राउंड मेट्रो के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इस रूट के नौ किलोमीटर हिस्से में सात स्टेशन बनाए जाएंगे। इनमें से एक नगर निगम मुख्यालय परिसर में होगा। ऐसे में राजवाड़ा जाने वालों को निगम मुख्यालय परिसर में उतरना होगा। इस स्टेशन पर एमजी रोड से आने के लिए रास्ता भी बनाया जाएगा।

निगम मुख्यालय परिसर में बने सुलभ कांप्लेक्स के पास वाले पार्किंग शेड के हिस्से में मेट्रो का अंडर ग्राउंड स्टेशन बनना प्रस्तावित है। इसका नाम राजवाड़ा स्टेशन होगा। निर्माण के लिए परिसर की कुछ पुरानी अनुपयोगी इमारतों को हटाया जाएगा। पुरातत्व विभाग के नियमों के अनुसार ऐतिहासिक धरोहर राजवाड़ा के आसपास 300 मीटर हिस्से में किसी भी प्रकार के निर्माण पर प्रतिबंध है। इस वजह से राजवाड़ा से 650 मीटर दूर निगम मुख्यालय परिसर में अंडर ग्राउंड स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया है।



**पुरातत्व विभाग के नियमों के अनुसार राजवाड़ा के आसपास 300 मीटर हिस्से में निर्माण प्रतिबंधित**

## इस तरह रहेगा मेट्रो का सफर

- **पलासिया चौराहा :** यहां मेट्रो ट्रेन पिलर के ऊपर रहेगी।
- **हाई कोर्ट तिराहा :** यहां से मेट्रो भूमिगत होनी शुरू होगी।
- **रीगल तिराहा :** अंडर ग्राउंड स्टेशन 1
- **निगम मुख्यालय परिसर (राजवाड़ा स्टेशन) :** अंडर ग्राउंड स्टेशन 2
- **छोटा गणपति :** (उद्यान की जमीन) अंडर ग्राउंड स्टेशन 3
- **बड़ा गणपति :** (एफसीआइ गोदाम की जमीन) अंडर ग्राउंड स्टेशन 4
- **रामचंद्र नगर :** (आरएपीटीसी की जमीन) अंडर ग्राउंड स्टेशन 5
- **कालानी नगर :** (बीएसएफ की जमीन, बैंक व पोस्ट आफिस के पास) अंडर ग्राउंड स्टेशन 6
- **एयरपोर्ट :** (एयरपोर्ट के आगे चौराहे के मध्य) अंडर ग्राउंड स्टेशन 7
- **बीएसएफ गांधी चौक :** यहां से मेट्रो जमीन के ऊपर निकलेगी।
- **गांधीनगर :** गांधी नगर मेट्रो डिपो पर जमीन पर आ जाएगी मेट्रो।



तेजी से चल रहा मेट्रो लाइन का काम। ● फाइल फोटो

मेट्रो स्टेशन निगम मुख्यालय परिसर में बनाए जाने का प्रस्ताव है। यहां पर्याप्त जगह है। जरूरत पड़ने पर कुछ पुराने भवनों को शिफ्ट करेंगे। इस संबंध में जल्द ही रिपोर्ट तैयार करेंगे।

– **हर्षिका सिंह**, निगमायुक्त

मेट्रो निर्माण के दौरान हमारा यह प्रयास है कि किसी भी व्यक्ति का व्यापार प्रभावित न हो। निगम मुख्यालय परिसर में सुलभ कांप्लेक्स के पास वाले हिस्से में जहां पार्किंग है, वहां स्टेशन तैयार होगा।

– **मनीष सिंह**
एमडी, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Times of India | Indore | 03.05.2023 | 06 | Notice Inviting Tender: Geotechnical investigation study for the underground stations and tunnels between airport and Malviya nagar chauraha for Indore Metro Rail Project | Classified Advertisement |

MPMETRO

# MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)

**(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal-462022**
**Tender Notification No. 917 /MPMRCL/2023/Package_IN-13**
**Bhopal, Date : 02.05.2023**

## NOTICE INVITING TENDER

MPMRCL invites tenders for the works of "Detailed Geotechnical Investigation Study for the Underground Stations and Tunnels between Airport and Malviya Nagar Chauraha for Indore Metro Rail Project/Tender Package IN-13" for further details please visit **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from **06.05.2023, 6.00 PM onwards.** Any clarification/corrigendum/addendum to the tender documents will be uploaded on the official e-portal only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/109713/2023

**GENERAL MANAGER (Civil/UG Indore)**
**Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited**

MPMETRO

**METRO NEWS**
**05th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Dainik jagran | Indore | 05.05.2023 | 12 | कान्ह नदी के 50 फ़ीट नीचे से गुज़रेगी मेट्रो,100 फ़ीट लम्बी टनल बनेगी | Neutral |

दैनिक जागरण 12
भोपाल, 05 मई, 2023 विविध www.djmp.in/epaper

# कान्ह नदी के पचास फीट नीचे से गुजरेगी मेट्रो, 100 फीट लंबी टनल बनेगी



इंदौर। इंदौर में 31 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर रुट में 100 फीट का रूट कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगा। पूरे रूट में यही एक हिस्सा होगा, जहां मेट्रो ट्रेन नदी के 50 फीट नीचे से गुजरेगी। पलासिया से एयरपोर्ट तक के रूट को मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने तय किया है। नदी के नीचे मेट्रो रुट रामबाग ब्रिज से फुट ओवर ब्रिज के बीच से होकर राजवाड़ा क्षेत्र की तरफ जाएगी। अगले साल से राजवाड़ा से एयरपोर्ट वाले हिस्से में मेट्रो कंपनी काम शुरू कर सकती है। फिलहाल छह किलोमीटर लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर पर अफसरों का फोकस है। इस साल सितंबर माह तक ट्रायल रन होना है। इसके लिए कोच भी जल्दी इंदौर लाए जाएंगे। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि पलासिया से राजवाड़ा तक के हिस्से के रूट को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच भी सहमति बनी है। अगले साल तक उस हिस्से में काम शुरू हो सकता है।

**एयरपोर्ट पर भी अंडरग्राउंड टनल रहेगी** : कान्ह नदी के अलावा एयरपोर्ट के समीप भी मेट्रो रूट के लिए अंडरग्राउंड टनल बनेगी। इससे एयरपोर्ट के यात्रियों को मेट्रो ट्रेन में सफर केलिए एयरपोर्ट परिसर से बाहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एयरपोर्ट परिसर से 200 मीटर दूर मेट्रो स्टेशन बनेगा और अंडरग्राउंड टनल से यात्री स्टेशन तक जा सकेंगे। मेट्रो का स्टेशन बिजासन मंदिर के पास जाने वाली सड़क के करीब बनेगा और वहां से ही एयरपोर्ट परिसर में जाने लिए अंडरग्राउंड टनल बनेगी। एयरपोर्ट के आगमन और निगर्म गेट के सामने वाले हिस्से में एस्केलेटर लगाए जाएंगे, जो मेट्रो स्टेशन तक जाने वाली टनल तक यात्रियों को पहुंचाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | नई दुनिया | इं | 05.05.2023 | 12 | राजवाड़ा के पास 60 फ़ीट गहराई में दौड़ेगी मेट्रो | Neutral |

नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 05 मई, 2023
इंदौर सिटी
www.naidunia.com

# राजवाड़ा के पास 60 फीट गहराई में दौड़ेगी मेट्रो

## विकास ● कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी टनल, बिना कंपन के होता रहेगा भूमिगत निर्माण

उदय प्रताप सिंह ● इंदौर

रीगल तिराहे से एयरपोर्ट तक करीब नौ किमी में मेट्रो ट्रेन का रूट भूमिगत रहेगा। राजवाड़ा के पास कान्ह नदी के नीचे 60 फीट गहराई में मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। इसके लिए जीरो वाइब्रेशन तकनीक इस्तेमाल की जाएगी।

भूमिगत मेट्रो ट्रैक तैयार करने के लिए टनल बोरिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा। यह मशीन जमीन में 60 फीट गहराई पर सुरंग बनाती जाएगी और सीमेंट कांक्रीट के सेगमेंट डालती जाएगी। मशीन कैप्सूल आगे बढ़ता जाएगा। निर्माण के दौरान धरातल पर मौजूद इमारतों में रहने वाले लोगों को निर्माण कार्य चलने का एहसास तक नहीं हो पाएगा। मुंबई में तो 30 मंजिला इमारत के नीचे भी टनल बनाकर मेट्रो की भूमिगत लाइन बिछाई गई है। इस तकनीक से पुणे, मुंबई, दिल्ली व कोलकाता में टनल बनाई गई है। कोलकाता में तो हुगली नदी के नीचे भूमिगत मेट्रो टनल बनी है।

दिल्ली, मुंबई, पुणे व कोलकाता मेट्रो के निर्माण में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का इस्तेमाल किया गया है। पहले यह मशीन विदेश से मंगवाई जाती थी, लेकिन अब स्वदेशी तकनीक से इसका निर्माण किया गया है। हिमाचल प्रदेश में लेह से मनाली को जोड़ने वाली अटल टनल और पर्वतीय इलाकों में सड़क निर्माण व सिंचाई योजना के लिए टीबीएम का उपयोग हुआ है।

**भूमिगत मेट्रो में खर्च ज्यादा :** जानकारों के मुताबिक जमीन के ऊपर मेट्रो ट्रैक निर्माण के मुकाबले भूमिगत ट्रैक का निर्माण डेढ़ गुना खर्चीला है। भीड़ वाले इलाके, जहां सड़कें चौड़ी नहीं होती हैं, वहां भूमिगत मेट्रो ट्रैक बनाया जाता है। एयरपोर्ट के आसपास नियमों की बाध्यता के कारण ऊंचाई पर मेट्रो का निर्माण संभव नहीं होता है। यही वजह है ज्यादातर एयरपोर्ट के पास भूमिगत मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं।


राजवाड़ा क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो ट्रैक रहेगा। ट्रेन कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी। ● फाइल फोटो

> भूमिगत मेट्रो के लिए टीबीएम से टनल निर्माण में आसानी होती है। यह जमीन के अंदर खोदाई करती है और मलबे को पीछे धकेलती है। देश के कई प्रोजेक्ट में इस मशीन का सफलतापूर्वक उपयोग हुआ है। इंदौर की जमीन से 12 मीटर गहराई से बेसाल्ट चट्टानें शुरू हो जाती हैं। इस मशीन से जमीन की गहराई में उस हिस्से पर सुरंग बनाने का कार्य किया जाएगा।
>
> **-अजय कुमार**
> जीएम, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन

### प्रगति की समीक्षा की

**इंदौर।** मप्र रेल मेट्रो कार्पोरेशन के डायरेक्टर प्रोजेक्ट अजय शर्मा ने सितंबर में होने वाले मेट्रो के ट्रायल रन कार्य प्रगति की गुरुवार को समीक्षा की। डायरेक्टर ने डिपो के निर्माण कार्य व मेट्रो के मौजूदा निर्माण कार्यों को देखा और कार्यों के बारे में अधिकारियों व इंजीनियरों से चर्चा कर निर्देश दिए।

**MPMETRO**

**METRO NEWS**
**06th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Free Press | Indore | 06.05.2023 | 04 | Indore Metro To Run on GOA-4, to be driverless | Neutral |

**INDORE CITY**
INDORE | SATURDAY | MAY 6, 2023 www.freepressjournal.in
Pg-04

# INDORE METRO TO RUN ON GOA-4, TO BE DRIVERLESS

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in



The Indore Metro will function on automation-2 and automation-4 technology that will make it function automatically; from halting at stations to moving on its track.

There are two technologies on which the metro train will function; GOA-2 (Grade of Automation-2) and GOA-4 (Grade of Automation-4).

"There will be no drivers when the Metro will run on GOA-4," said a senior Metro official.

He added, "However, in GOA-2 operation, the train is driven by the driver in driver's cab of the leading Driving Motor Car (DMC) car with all the controlling systems required to run the train.

While GOA-4 system is the most advanced system of railway automation in which the train runs without a driver and the driver cab of the Driving Motor Car (DMC) is removed. It is also called Unattended Train Operation (UTO), said officials.

According to the plan of the Indore Metro Rail Project, the metro rail will be run by the driver (GOA-2) in the initial phase, which will later run without the driver (GOA-4).

Officials added that there will be a longitudinal seating arrangement in Indore Metro Rail. The passenger capacity of the 3-car metro train is 971.

Officials said that the rolling stock of Metro Rail is being made in Gujarat.

## FEATURES OF ROLLING STOCK

- **3-CAR UNIT:** It is considered the basic unit of the metro system. The system consists of 2 Driving Motor Cars (DMC) and one Trailer Car (TC). This is the minimum for Metro operations which is preferred and suitable for places with low population density. Coaches are made of stainless steel to enhance corrosion resistance and strength.
- **SPEED:** The purpose of Metro trains is to facilitate our urban traffic and metro rail stations are very close to each other. For this reason, the metro rail system has been designed for a maximum speed of 90 kmph, but in passenger service, Metro Rail will run at a maximum speed of 80 kmph.
- **HEADWAY:** The frequency of trains in the Indore Metro Project will be one and a half minutes. However, it can also be changed according to the passenger traffic.
- **CCTV CAMERA SYSTEM:** Keeping in view all the safety parameters, CCTV cameras will be installed inside and outside the coaches in Indore Metro Rail trains, which will be used for emergency counting, track tracking, and identification of passengers, as well as unattended bags and cameras in the train.
- **DOORS:** There will be a total of 8 doors in each coach, four on one side and four on the other side. In addition, both the DMC coaches of the train will have an emergency gate called the detention door at the front, which can be used to evacuate passengers in case of an emergency.
- **AIR CONDITIONING SYSTEM:** Indore Metro Rail will have a smart air conditioning system for the convenience of passengers, whose air cooling will vary according to the passenger load. The air conditioning system will be designed with germ control and air filtration.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | पत्रिका | इं | 06.05.2023 | 04 | #Metro**Train: खुशखबरी.. अपनी मेट्रो का टेक आफ-लैन्डिंग ट्रैक ले रहा आकार, सितंबर मे ट्रायल रन के लिए तैयारियां जोरों पर** | Positive |

पत्रिका



INDOREPRIME

इंदौर प्राइम

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice

पत्रिका. इंदौर, शनिवार, 06 मई, 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री पत्रिका इंदौर वॉइस फेसबुक पेज पर पढ़ें, अपनी खबरें भी भेजें
क्यूआर कोड
मोबाइल से करें स्कैन
खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें patrika.com/indore-news/ पर भी देखें


## #MetroTrain: खुशखबरी...अपनी मेट्रो का टेक ऑफ-लैंडिंग ट्रैक ले रहा आकार, सितंबर में ट्रायल रन के लिए तैयारियां जोरों पर





## डिपो में मेट्रो के खड़े रहने और मेंटेनेंस यार्ड का भी 80 फीसदी काम पूरा

**पत्रिका@इंदौर.** मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में होगा। इसके लिए सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के साथ सेंटर डिपो तैयार हो रहा है। इससे संचालित होने वाले विभिन्न सेंटर का सिविल कार्य पूरा होने को है। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने डिपो से ट्रैक तक जाने व ट्रैक से डिपो में आने के लिए टू-एंड-फ्रो ट्रैक लगभग तैयार कर लिया है। इस ट्रैक का पहला हिस्सा ग्राउंड ट्रैक का है। इस पर पटरी डाली जा चुकी है। दूसरा हिस्सा एलिवेटेड ट्रैक के उतार वाला रहेगा। इसके सभी पियर्स बन गए हैं। मेट्रो यहां से गांधी नगर स्टेशन जाएगी। यह स्टेशन मेट्रो का बड़ा ऑपरेशन स्टेशन होगा। डिपो में मेट्रो के खड़े रहने और मेंटेनेंस यार्ड का भी 80 फीसदी काम हो चुका है। **फोटोः रवींद्र सेठिया**

### शहर मौसम



तापमान

| 34.0° | 21.5° |
|---|---|
| अधिकतम | न्यूनतम |

ह्यूमिडिटी : 68% (अधिकतम)
हवा की गति : 32.00 किमी/घंटा

फोरकास्ट
बूंदाबांदी के आसार, तापमान में आएगी गिरावट

पॉल्यूशन स्तर (AQI)
ग्वालटोली: 76 प्रातः 67 शाम


केवल पत्रिका में
क्विक रेस्पॉन्स कोड से
रीडर्स कनेक्ट
खबरें | समस्याएं | सुझाव


Date: 06/05/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | अग्निबाण | इं | 09.05.2023 | 02 | मेट्रो यार्ड का काम तेजी से चल रहा है.. उम्मीद है की जल्द मिलेगी मेट्रो की सोगात | Positive |

अग्निबाण Indore_P-02_09 May 2023



मेट्रो यार्ड का काम तेजी से चल रहा है... उम्मीद है कि जल्द मिलेगी शहर को सौगात।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | पत्रिका | इं | 10.05.2023 | 02 | श्रीगणेश: 16 मई से बिछेंगी पटरियाँ, 6 किमी ट्रैक होगा तैयार | Positive |

पत्रिका

फोटो स्टोरी

## श्रीगणेश: 16 मई से बिछेंगी पटरियां, 6 किमी ट्रैक होगा तैयार



**इंदौर.** मेट्रो ट्रैक के सबसे महत्वपूर्ण पटरियां बिछाने के कार्य का श्री गणेश 16 मई से होगा। डिपो का ट्रैक लगभग तैयार हो गया है। अब गांधी नगर स्टेशन से टीसीएस स्टेशन तक 6 किमी में आवाजाही के लिए 12 किमी पटरियां बिछाई जाएंगी। पटरियों को जोड़ने के लिए एडवांस वेल्डिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेट्रो के जीएम अजय कुमार ने बताया, सुपर कॉरिडोर पर प्रायरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। तकनीकी एक्सपर्ट के अनुसार पहले पटरियां बिछाने की प्रक्रिया जटिल होती थी। अब इसे आसान किया गया है। मेट्रो के लिए तैयार वायडक्ट ट्रैक में ही इनबिल्ट स्लीपर है। इससे समय बचेगा और वायब्रेशन का असर भी कम होगा।

Date: 10/05/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | नई दुनिया | इं | 10.05.2023 | 01 | ट्रायल रन से पहले मेट्रो डिपो में आठ लेन का बनेगा यार्ड | Positive |

इंदौर, बुधवार 10 मई 2023

नईदुनिया सिटी

इंदौर

Pg-01

www.naidunia.com

# ट्रायल रन के पहले मेट्रो डिपो में आठ लेन का बनेगा यार्ड

## निरीक्षण यार्ड में होगा ट्रेन का परीक्षण, टेस्ट ट्रैक भी हुआ तैयार

उदय प्रताप सिंह

इंदौर मेट्रो के ट्रायल रन में अब केवल चार माह ही बचे हैं। सितंबर में ट्रायल रन से पहले गांधी नगर में 26 हेक्टेयर जमीन पर मेट्रो डिपो के निर्माण तैयारी जोरों पर है। मेट्रो डिपो में स्टेबलिंग यार्ड 28 लाइन का बनाया जाना है, लेकिन ट्रायल रन के पहले आठ लाइन का स्टेबलिंग यार्ड तैयार किया जाएगा। इसके बाद अगले चरण में 20 लेन का ट्रैक तैयार किया जाएगा। डिपो में मेट्रो ट्रेन के निरीक्षण व परीक्षण के लिए चार लेन का निरीक्षण शेड बनाया जा रहा है। इसकी ऊंचाई 9 मीटर व लंबाई 160 मीटर होगी। ऐसे में इसमें क्रेन का उपयोग भी किया जाएगा। यहां मेट्रो ट्रेन के पहुंचने पर उसकी जांच होगी। इस शेड के निर्माण के लिए लोहे के पिलर लगाए जा चुके हैं। शेड लगाना बाकी है। स्टेबलिंग यार्ड भी सितंबर के पहले तक तैयार हो जाएगा।

मेट्रो ट्रेन जहां दो पटरियों पर चलेगी, वहीं इसके पास में तीसरी पटरी भी बिछाई जाएगी। इससे मेट्रो के संचालन के लिए विद्युत आपूर्ति होगी। मेट्रो डिपो में विद्युत वितरण के लिए आग्जलरी दो सब स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं। यहां बिजली कंपनी की ओर से विद्युत आपूर्ति के बाद इन सब स्टेशन के माध्यम से विद्युत वितरण किया जाएगा।



मेट्रो का निरीक्षण शेड अब कुछ इस तरह नजर आने लगा है। • नईदुनिया

### 920 मीटर का टेस्ट ट्रैक तैयार

डिपो के पास ही मेट्रो का 920 मीटर का टेस्ट ट्रैक भी बनकर तैयार है। मेट्रो ट्रेन के असेंबल होने के बाद इस ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन को चलाकर उसकी जांच की जाएगी। इस ट्रैक पर पटरियों को बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

"सितंबर मे मेट्रो के गांधीनगर से सुपर कारिडोर वाले हिस्से मे छह किलोमीटर के बीच ट्रायल रन होना है। उसके पहले मेट्रो डिपो तैयार हो जाएगा। वहां आवश्यक इंतजाम व निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है ताकि समय सीमा मे ट्रायल रन शुरू किया जा सके।

\- अजय कुमार, महाप्रबंधक, मेट्रो ट्रेन

MPMETRO

**METRO NEWS**

11th MAY ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 11.05.2023 | 8 | Notice Inviting Tender- Package IN-15 | Advertisement |

दैनिक भास्कर इंदौर 11-05-2023



MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)**

(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022

Tender Notification No. 995/MPMRCL/2023/Package IN-15 Bpl., Date : 10.05.23

**NOTICE INVITING TENDER**

MPMRCL invites tenders for the works of **"Office Interior Works at Indore for Madhya Pradesh Metro Rail Project"**, Package IN-15 for further details please visit **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from 12.05.2023. Any clarification/ corrigendum/addendum to the tender documents will be uploaded on the official e-portal only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/109830/2023 **GENERAL MANAGER (CIVIL–UG)**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 15.05.2023 | Iv | मेट्रो ट्रेन; 900 मेट्रिक टन पटरियाँ इंदौर पहुँची, कल से सुपर प्राइऑरटी कॉरिडोर में बिछाना शुरू करेंगे | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 15-05-2023 Pg-03

# मेट्रो ट्रेन; 900 मीट्रिक टन पटरियां इंदौर पहुंचीं, कल से सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में बिछाना शुरू करेंगे

## एक स्टेशन का काम पूरा हो चुका, पटरी बिछाने के लिए 70 प्रशिक्षित लोगों की टीम इंदौर पहुंची

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो रेल के ट्रायल रन के लिए काम की रफ्तार बढ़ाई गई है। डिपो के बाद मंगलवार से सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा। इसके लिए 70 प्रशिक्षित लोगों की टीम इंदौर पहुंच चुकी है। 900 मीट्रिक टन की पटरियां भी इंदौर पहुंच चुकी हैं। फिलहाल डिपो के आगे वाया डक्ट पर वेल्डिंग का काम किया जा रहा है ताकि ट्रैक बिछाने का काम किया जा सके। अभी एक स्टेशन का काम पूरा हुआ है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार को किसी भी तरह इंदौर में मेट्रो रेल चलाना है। इसलिए मात्र 5.9 किमी रूट पर ट्रायल का प्लान है।



### डिपो में 500 मीट्रिक टन पटरी बिछा चुके हैं

6 हजार स्लीपर और 900 मीट्रिक टन पटरियां आ चुकी हैं। डिपो में 500 मीट्रिक टन पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। वाया डक्ट यानी ट्रायल रूट के लिए 900 मीट्रिक टन पटरी एलिवेटेड ब्रिज पर बिछाई जाएगी। 500 मीट्रिक टन पटरियों की और जरूरत होगी, जो अगले हफ्ते कॉरपोरेशन को मिल जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि डिपो का काम एडवांस स्टेज में है। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक फेज वाइज वेल्डिंग का काम किया जा रहा है।

### दिसंबर 2024 तक एयरपोर्ट से रोबोट तक ट्रेन चलाने का दावा

गांधी नगर से 5.9 किमी के हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। यूं तो गांधी नगर से रोबोट चौराहे तक कुल 17.5 किमी के रूट पर काम चल रहा है, लेकिन अभी सिर्फ 6 किमी तक ही ट्रायल रन करेंगे। अधिकारियों का दावा है कि दिसंबर 2024 तक एयरपोर्ट से रोबोट चौराहा तक नियमित रूप से मेट्रो चलने लगेगी। रोबोट चौराहा से राजबाड़ा होते हुए एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड और एलिवेटेड कॉरिडोर पर निर्णय होने के साथ ही कनाड़िया रोड के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | नई दुनिया | इंदौर | 17.05.2023 | I | तय हुआ दिन...23 सितंबर को पहला कदम चलेगी अपनी मेट्रो | Neutral |

इंदौर, बुधवार 17 मई 2023

नईदुनिया सिटी

इंदौर

Pg-I

www.naidunia.com

# तय हुआ दिन...23 सितंबर को पहला कदम चलेगी अपनी मेट्रो

**लंबी प्रतीक्षा के बाद अंततः ट्रायल रन की तिथि हुई तय, अब और तेजी से होगा काम**

**गुरुवार से पिलर के ऊपर बायडक्ट पर पटरी बिछाने का काम होगा शुरू**

लंबी प्रतीक्षा के बाद अंततः अपनी मेट्रो के ट्रायल रन की तिथि तय हो गई है। 23 सितंबर को इंदौर मेट्रो अपना पहला कदम चलेगी अर्थात इसी दिन ट्रायल रन होगा। इसके लिए अब निर्माण कार्य को और तेज गति से करने की कवायद की जा रही है। गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कारिडोर के हिस्से में मेट्रो के पिलर के ऊपर बनाए गए बायडक्ट पर रेल की पटरी बिछाने का काम गुरुवार से शुरू होगा। सबसे पहले मेट्रो स्टेशन सुपर कारिडोर (एससी) 5 स्टेशन और एससी 4 स्टेशन के बीच में ओवरहेड पिलर पर बने बायडक्ट पर पटरियां बिछाई जाएंगी। इसके लिए अभी प्लिंथ कास्टिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके पूर्व 18-18 मीटर की पटरियों को वेल्डिंग कर 500 मीटर का रेल पैनल बनाने का काम किया जा रहा है। मेट्रो स्टेशन एससी 2 व एससी 3 के बीच भी पटरियों की वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा है।

### इस रूट पर पहला ट्रायल रन



मेट्रो की रेल पटरियों को बिछाने के पूर्व रेल पटरियों की वेल्डिंग का काम तेजी से जारी है। नईदुनिया




### मेट्रो ट्रैक के लिए यह है तैयारी

**900** मीट्रिक टन बायडक्ट वाली पटरियां (1080 एचएच ग्रेड) वाली आ गई हैं।

**500** मीट्रिक टन डिपो वाली पटरियां (880 ग्रेड) वाली आ चुकी हैं।

**6500** स्लीपर डिपो में ट्रैक के पूर्व बिछाने के लिए आए हैं।

**800** मीटर का टेस्ट ट्रैक डिपो में तैयार किया गया है।

**70** लोगों की एक विशेषज्ञ टीम ट्रैक बिछाने के लिए आ पहुंची हैं। ऐसी चार टीमें जल्द आएंगी।

### मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

मंगलवार को मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर अजय शर्मा ने कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने गांधी नगर डिपो में चल रहे कार्य की प्रगति देखी। गांधी नगर के स्टेशन के अलावा एससी 6, 5 व 3 मेट्रो स्टेशन पर चल रहे कार्यों, ट्रांसफार्मर, टेक्निकल रूम सहित अन्य निर्माण कार्यों का मुआयना किया। इसके अलावा उन्होंने मेट्रो के निर्माण कार्य में जुटे सभी कांट्रेक्टर के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। इस दौरान उनके साथ कंसल्टेंट की टीम भी रही। बैठक मे मेट्रो के किस कार्य को किस क्रमबद्ध ढंग से किया जाना है, इस पर चर्चा की गई।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक जागरण | इंदौर | 17.05.2023 | 09 | इंदौर में छह किमी मेट्रो रूट के लिए बिछेंगी पटरियाँ, जल्द काम होगा शुरू | Neutral |



# इंदौर में छह किमी मेट्रो रूट के लिए बिछेंगीं पटरियां, जल्द काम होगा शुरू

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में मेट्रो रूट का काम अब गति पकड़ने लगा है। पहली खेप में आई पटरियां डिपो में बिछा दी गई। अब प्रायरिटी कॉरिडोर के लिए 900 टन पटरियां इंदौर आ गई हैं, उसे छह किलोमीटर लंबे हिस्से में बिछाने का काम शुरू होगा। पटरी बिछाने के लिए 70 प्रशिक्षित लोगों की टीम भी आई है। छत्तीसगढ़ से मार्च में पांच सौ टन पटरियां इंदौर आई थी। जिसे डिपो में बिछाया गया है,क्योंकि अगले माह आने वाली ट्रेन की बोगियों को डिपो की पटरियों पर रखा जाएगा। अब जो 90 टन पटरी आई है, उसे सुपर कॉरिडोर वाले हिस्से में बिछाने की तैयारी हो चुकी है। इस हिस्से में वेल्डिंग का काम हो रहा है। उस ट्रेक पर ही पटरियां जोड़ी जाएगी। इन पटरियों को गांधी नगर से लेकर विजय नगर तक के 5.9 किलोमीटर के हिस्से में बिछाया जाएगा।



## सितंबर तक ट्रायल रन करना चाहती है सरकार

सितंबर माह तक सरकार इस हिस्से में ट्रायल रन करना चाहती है। इस काम में देरी न हो, इसके लिए सभी निर्माण एजेंसियों को समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी गई है। इस वजह से अब मेट्रो का काम रात को भी चल रहा है। फिलहाल एयरपोर्ट रोड से गांधी नगर, लवकुश चौराहा, सुखलिया ग्राम, विजय नगर, खजराना तक मेट्रो रूट का काम चल रहा है। रिंग रोड तक का काम तो इस साल तक पूरा हो जाएगा, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी अफसरों को मध्य हिस्से में आएगी। मेट्रो पलासिया से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड रहेगी।

## पहले चरण में 31 किलोमीटर लंबा रूट

इंदौर में पहले चरण में मेट्रो का रूट 31 किलोमीटर लंबा है। मेट्रो रूट इंदौर एयरपोर्ट से शुरू होकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10, रोबोट चौराहा, खजराना होते हुए पलासिया, गांधी हॉल, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट तक रहेगा। मेट्रो की यह रिंग बनने में पांच साल से ज्यादा का समय लग सकता है। इंदौर में लाइट मेट्रो का संचालन होगा। इसमें चार सौ यात्री एक बार में सफर कर सकेंगे। अगले माह जो बोरियां आएगी, उसे शहर के अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा, ताकि शहरवासी उन्हें देख सकें।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**18th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 18.05.2023 | J2 | पटरियाँ बिछाने का श्रीगणेश, सितंबर मे दोड़ेगी मेट्रो | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 18-05-2023 Pg-J2

# पटरियां बिछाने का श्रीगणेश, सितंबर में दौड़ेगी मेट्रो




**इंदौर** | सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बुधवार से पटरियां बिछाने का काम शुरू हो गया। सांसद शंकर लालवानी ने पूजा-अर्चना के साथ इसका श्रीगणेश किया। मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जमीन से करीब 40 फीट ऊपर बने वाय डक्ट पर पटरियां बिछाने के लिए 70 प्रशिक्षित लोगों की टीम भी इंदौर आ चुकी है। 900 मैट्रिक टन ट्रैक मिल चुका है। 500 मैट्रिक टन ट्रैक की और जरूरत होगी। दो स्टेशनों के बीच वेल्डिंग का काम किया जा रहा है। गांधी नगर से 5.9 किमी तक के रूट पर सितंबर में ट्रायल किया जाना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 18 .05.2023 | 04 | मेट्रो ट्रेन की पटरियाँ बिछाने का काम शुरू, चुनाव से पहले चलाने की तैयारी | Neutral |


बदलते ज़माने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 4 May 18, 2023




शहर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेज गति से चल रहा है। बुधवार को सुपर कॉरिडोर पर मुख्य स्टेशन के समीप पटरियां बिछाने का काम शुरू कर दिया गया।

# मेट्रो ट्रेन की पटरियां बिछाने का काम शुरू, चुनाव पहले चलाने की तैयारी


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9926064287


स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम द्रुत गति से चल रहा है। बुधवार को सुपर कॉरिडोर पर मुख्य स्टेशन के समीप पटरियां बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले सुपर कॉरिडोर के कुछ हिस्से में ट्रेन का संचालन शुरू किया जा सकता है।

पटरी बिछाने के कार्य का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी ने पूजन-अर्चन के बाद किया। पटरियां जमीन से 40 फीट ऊपर वायडक्ट पर बिछाई जाएंगी। क्रेन की सहायता से पटरियों को पहले ऊपर ले जाया जाता है और एक विशेष वेल्डिंग मशीन से इन्हें आपस में वेल्ड किया जाता है। सांसद लालवानी ने बताया कि मेट्रो की इन पटरियों को जोड़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है एवं यह रेलवे लाइन से काफी अलग तकनीक पर बिछाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में नगरीय प्रशासन विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर 7500 करोड़ रुपए की राशि जारी की थी। मेट्रो का मुख्य स्टेशन सुपर कॉरिडोर पर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी, एमपी एमआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, जनरल कंसलटेंट एवं मेट्रो निर्माण में जुटी अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## यह रहेगा मेट्रो का रूट

मेट्रो का रूट लवकुश चौराहा, एमआर 10, बापट चौराहा, विजयनगर, रोबोट चौराहा, खजराना, पलासिया, रीगल, राजवाड़ा से होते हुए बड़ा गणपति तक करीब 38 किलोमीटर का रहेगा। मेट्रो ट्रेन के लिए 9 स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर से पलासिया तक ट्रेन ऊपर तथा इसके आगे अंडरग्राउंड चलेगी। विमानतल के यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए एक स्टेशन एयरपोर्ट पर भी बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सुपर कॉरिडोर से बिजासन होते हुई एयरपोर्ट तक लाइन का काम शुरू कर दिया गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | नई दुनिया | इंदौर | 18.05.2023 | 03 | मेट्रो ट्रेन की पटरियाँ बिछाने का काम शुरू, सांसद ने किया पूजन | Neutral |



# मेट्रो ट्रेन की पटरियां बिछाने का काम शुरू, सांसद ने किया पूजन



**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** बुधवार को मेट्रो ट्रेन के 40 फीट ऊंचाई पर बने वायडक्ट में रेल पटरियां बिछाने का कार्य शुरू हुआ। क्रेन की सहायता से पटरियों को पहले ऊपर ले जाया जा रहा है और उसके बाद एक विशेष वेल्डिंग मशीन से जोड़ा जा रहा है।

बुधवार को सांसद शहर लालवानी के साथ इंदौर मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी, एमपीएमआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, जनरल कंसल्टेंट एवं मेट्रो निर्माण में जुटी अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधि मैनलिफ्ट क्रेन में बैठकर मेट्रो के वायडक्ट पर पहुंचे और वहां पूजन कर कार्य की शुरुआत की। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मेट्रो का काम बेहद तेजी से चल रहा है और पटरियां बिछाने की शुरुआत हो गई है। मेट्रो की इन पटरियों को जोड़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह रेलवे लाइन से काफी अलग तकनीक पर बिछाई जा रही है। सांसद ने मेट्रो के अधिकारियों से इसकी पूरी कार्यप्रणाली को भी समझा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | नवभारत | इंदौर | 18.05.2023 | 3 | मेट्रो ट्रेन की पटरियाँ बिछाने का काम शुरू | Neutral |

नवभारत इंदौर, गुरुवार 18 मई, 2023





# मेट्रो ट्रेन की पटरियां बिछाने का काम शुरू

## सांसद ने पूजन-अर्चन कर काम की शुरुआत की

इंदौर. इंदौर मेट्रो ट्रेन के सुपर प्रायरिटी कॉरिडोर पर रेल लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है. सांसद शंकर लालवानी ने पूजन-अर्चन कर विधि विधान के साथ इस काम की शुरुआत की.

उल्लेखनीय है कि जमीन से करीब 40 फीट ऊपर बने वायडक्ट में पटरियां बिछाने का काम शुरू हुआ है. क्रेन की सहायता से पटरियों को पहले ऊपर ले जाया जाता है और एक विशेष वेल्डिंग मशीन से इन्हें आपस में वेल्ड किया जाता है. सांसद लालवानी ने बताया कि मेट्रो का काम बेहद तेजी से चल रहा है और पटरियां बिछाने की शुरुआत हो गई है. मेट्रो कि इन पटरियों को जोड़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है एवं यह रेलवे लाइन से काफी अलग तकनीक पर बिछाई जा रही है. सांसद शंकर लालवानी करीब 40 फीट ऊपर बने ट्रैक पर क्रेन में बैठकर पहुंचे और मेट्रो के अधिकारियों से इसकी पूरी कार्यप्रणाली को विस्तृत रूप से समझा. इस अवसर पर इंदौर मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी, एमपीएमआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, जनरल कंसलटेंट एवं मेट्रो निर्माण में जुटी अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधी उपस्थित थे.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Free Press | Indore | 18.05.2023 | 2 | Commissioning of Metro Rail tracks starts | Neutral |


INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | MAY 18, 2023

Pg-02


# Commissioning of Metro Rail tracks starts


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in




The laying of Metro Rail tracks started on Wednesday in the city.

MP Shankar Lalwani formally inaugurated the work by performing a small ceremony. He said the work of Metro is going on at a brisk pace.

The work of laying tracks started in the viaduct built about 40 feet above the ground. The tracks are first lifted up with the help of cranes and welded together with a special welding machine. State-of-the-art technology is being used to connect these Metro tracks.

Lalwani understood the entire technology involved in laying the tracks in detail from the Metro officials. On this occasion, general manager of Indore Metro train project Ajay Kumar, additional general manager Anil Joshi, senior officials of MPMRCL, consultants and representatives of different companies engaged in Metro construction were present.

Indore Metro train project is an under construction mass rapid transit system (MRTS) being built to serve the city, the most populous and largest city of the state, by the Madhya Pradesh Metro Rail Co Limited (MPMRCL).

The city's Metro train master plan with 94 kms of routes was prepared by Rohit Associates Cities & Rails Pvt. Ltd and envisions 4 metro lines & 2 spurs criss-crossing the city out of which 1 line (Yellow Line / Line-3-a ring line) has been selected for implementation in Phase 1.

Indore Metro's Phase 1 project's Detailed Project Report (DPR) with 33.53 km of routes was approved by the state government in December 2016 and by the Central Government's cabinet in October 2018.

Indore Metro's Priority Corridor is expected to be completed and opened in August 2024, beyond its August 2023 deadline. Phase 1 is expected to be completed in 2027.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पत्रिका | इंदौर | 18.05.2023 | 03 | ट्रैक पर ट्रैक्टर..! बिछा रहे पटरियाँ, 40 फुट ऊंचाई से जल्द उतरेंगे आप | Neutral |



Pg-03

#MetroTrain पहली बार पत्रिका में मेट्रो की ऊंचाई से लाइव रिपोर्ट: जानिए, टीसीएस चौराहा से गांधी नगर स्टेशन तक मेट्रो का कितना हुआ काम?

# ट्रैक पर ट्रैक्टर...! बिछा रहे पटरियां, 40 फीट ऊंचाई से जल्द उतरेंगे आप

पत्रिका संदीप पारे
patrika.com

**इंदौर.** आप यह जानने को उत्सुक हैं कि सितंबर तक मेट्रो चलाने के दावे में कितना दम है? यह दावा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का है। बुधवार को मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्टेशन नंबर 3 (टीसीएस चौराहा) से गांधी नगर स्टेशन तक का दौरा पत्रिका टीम ने किया। उन्होंने 40 फीट ऊंचाई से जो देखा, उसे पढ़कर आप भी अपनी मेट्रो के जानकार बनिए। हर पहलू के बारे में आप आसानी से तकनीकी जटिलताओं को समझें। हमारी मेट्रो के स्टेशन पर प्लेटफॉर्म लेवल करीब 40 फीट ऊंचाई पर तैयार हो रहा है। यहां यात्री उतरेंगे और सीढ़ियों से नीचे आएंगे। अभी यहां ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरणों से पटरी बिछा रहे हैं।

सुपर कॉरिडोर से गुजरेंगे तो आपको महानगरीय बदलाव महसूस होने लगेगा, क्योंकि हमारी मेट्रो का आकार दिखने लगा है। सुपर कॉरिडोर आरोबी के पास बन रहे स्टेशन से गांधीनगर चौराहे डिपो और लैंडिंग टेकऑफ ट्रैक तक की यात्रा में पता चलता है कि सितंबर में सुपर कॉरिडोर से मेट्रो की सिटी सुनाई देगी। विधानसभा चुनावों की आचार संहिता से पहले मेट्रो की सिटी सुनाई दे, इसलिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सुपर कॉरिडोर पर प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तेजी से कर रहा है। डिपो में मेंटेनेंस यार्ड, कोच डिपो, लैंडिंग और टेक ऑफ ट्रैक, स्टेशन, वायडक्ट का काम प्राथमिकता से हो रहा है। बुधवार से पटरियां डलनी शुरू हो गई हैं।

## ट्रैक तैयार, डल रही पाई-गर्डर

पत्रिका टीम पहले सुपर कॉरिडोर आरओबी के समीप बन रहे स्टेशन क्रमांक-2 पर पहुंची। यहां पीयर्स का काम पूरा हो गया है। अब कॉन्कोर्स व प्लेटफॉर्म बना रहे हैं। कॉन्कोर्स स्तर पर पाई गर्डर डालने की शुरुआत हो चुकी है। यहां से स्टेशन क्रमांक 3 टीसीएस तक वायडक्ट डाला जा चुका है। पैरापेट वॉल भी बना दी है। एससी-3 टीसीएस स्टेशन पर पाई गर्डर रखकर कॉन्कोर्स स्तर बन गया है। अब प्लेटफार्म और ट्रैक का बेस बनाया जा रहा है। यहां से टीम ऊंचाई पर बन रहे ट्रैक पर आई और स्टेशन क्रमांक 4 व 5 तक ट्रैक पर सफर किया। दिखा कि एक साथ अलग-अलग स्तर पर तेजी से काम हो रहा है, क्योंकि काम जल्दी पूरा करने के लिए मल्टी टास्क जरूरी है।

## मशीन से जोड़ रहे पटरियां

एससी-3 से 5 के बीच पटरियां डालने और पैरापेट कसने का काम चल रहा है। एससी 3 से 4 की ओर बढ़ते हैं तो ट्रैक पर पटरियां नजर आने लगती हैं। यहां क्रेन से पटरियां ट्रैक पर लाई जा रही हैं। फिर इसे आधुनिक मशीनों से वेल्ड कर ट्रैक पर बिछा रहे हैं। मालूम हो, मेट्रो ट्रैक को वायडक्ट इसलिए कहते हैं कि इसमें एक डक्ट का निर्माण भी किया है। इसमें बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम की केबल डाली जाएगी। इसके लिए ट्रैक से डक्ट में जाने के रास्ते छोड़े गए हैं।




फोटो: रवींद्र सैठिया

## स्लीपर रहित ट्रैक

मेट्रो का ट्रैक विशेष तकनीक से बनाया है। इसमें इन बिल्ड स्लीपर है। सिर्फ सरियों के बीच पटरियां रखी जा रही हैं। इसके बाद इन सरियों से इसे लेवल कर कस दिया जाएगा। 6 किमी के ट्रैक पर आवाजाही के लिए 12 किमी पटरियां डाली जाएंगी।

## स्टेशन-5 लेने लगा आकार

बड़ा बांगड़दा चौराहे पर स्टेशन क्रमांक 5 आकार लेने लगा है। यहां सीढ़ियां बन रही हैं। साथ ही कॉन्कोर्स स्तर पर दीवारों का काम भी शुरू कर दिया है। इसके स्टेशन क्रमांक 6 व गांधी नगर स्टेशन का काम भी पीयर्स स्तर तक पूरा हुआ है। अब इन स्टेशन पर पाई गर्डर रखी जाएगी। गांधी नगर स्टेशन सबसे बड़ा होगा। यहां से मेट्रो डिपो में लैंड करेगी और यहीं से टेक ऑफ भी करेगी। डिपो में पटरियां बिछाकर मेंटेनेंस यार्ड तक ट्रैक तैयार कर दिया गया है। यहां से अब स्टेशन तक का ट्रैक गोलाई लिए मुस्कुरा रहा है। इसी से मेट्रो उतरेगी और चढ़ेगी। बुधवार को पटरियां बिछाने की शुरुआत सांसद शंकर लालवानी ने पूजन कर की। इस दौरान उन्हें 40 फीट ऊंचाई पर बने ट्रैक पर लिफ्ट से ले जाया गया। वहां अफसर भी पहुंचे।



## ट्रैक में एडवांस तकनीक

मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम आगे बढ़ रहा है। एडंवास तकनीक से ट्रैक तैयार किया जा रहा है। ट्रैक पर पटरियां बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह पटरियां बिना स्लीपर के होंगी। इसमें इनबिल्ड स्लीपर हैं। पहले इन पटरियों को सरियों के बीच रखकर कसेंगे, फिर शेल्टर लगाकर कांक्रीट करेंगे। इससे यह फिक्स हो जाएगी।
**-अजय कुमार,** जीएम, मेट्रो


# METRO NEWS

**19th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | पत्रिका | इंदौर | 19.05.2023 | 01 | रंगभरे मौसम से मेट्रो की परवाज | Neutral |

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 15 | अंक 229 | पृष्ठ 14+4=18 | मूल्य 5.00 | **इंदौर, शुक्रवार, 19 मई, 2023** | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत् 2080

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित




## 'मेट्रो' की परवाज

**इंदौर.** ये खूबसूरत रंगभरी हवाई तस्वीर है शहर में आकार लेते मेट्रो प्रोजेक्ट की। सितंबर तक इंदौर में मेट्रो चलाने का दावा किया जा रहा है। चित्र में सुपर कॉरिडोर से आगे सुखलिया तक ट्रैक दिखाई दे रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सुपर कॉरिडोर पर प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तेजी से कर रहा है। बुधवार से पटरियां डलनी शुरू हो गई। एससी-3 से 5 के बीच पटरियां डालने और पैरापेट कसने का काम चल रहा है। एससी 3 से 4 की ओर ट्रैक पर पटरियां नजर आने लगी हैं। यहां क्रेन से पटरियां ट्रैक पर लाई जा रही हैं। फिर इसे आधुनिक मशीनों से वेल्ड कर ट्रैक पर बिछा रहे हैं। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही हम मेट्रो को फर्राटे भरते देखेंगे। **फोटो : मनीष व्यास**

MPMETRO
Rail Corporation Limited

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | Nai duniya | Indore | 22.05.2023 | 03 | 1.2 मीटर की ऊंचाई पर डिपो में खड़ी होगी मेट्रो ट्रेन | Neutral |


इंदौर, सोमवार 22 मई 2023

Pg-I

नईदुनिया सिटी

इंदौर




निरीक्षण यार्ड में ट्रैक सपोर्टिंग कालम लगाने का काम जारी है। ●नईदुनिया

# 1.2 मीटर ऊंचाई पर डिपो में खड़ी होगी मेट्रो ट्रेन

**128** ट्रैक सपोर्टिंग कालम
निरीक्षण यार्ड में लगाए जा रहे

मेट्रो के ट्रायल से पहले गांधी नगर डिपो को तैयार करने की कवायद तेजी से जारी है। डिपो में जहां पर ट्रेन निरीक्षण के लिए खड़ी होगी वो हिस्सा जमीन से 1.2 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि कर्मचारी ट्रेन का नीचे से निरीक्षण कर सके। इसके लिए निरीक्षण यार्ड में स्टील के 128 ट्रैक सपोर्ट कालम लगाए जा रहे हैं, इसके ऊपर पटरियों को बिछाया जाएगा। इस तरह मेट्रो के निरीक्षण में आसानी होगी। वहीं डिपो के स्टेबलिंग यार्ड में 8 ट्रेनों के खड़े रहने के लिए जगह बनाई जा रही है। पटरी बिछाने के पहले बेस तैयार किया जा रहा है। अगले महीने यहां पर पटरियों को बिछाने का काम शुरू होगा। गौरतलब है कि दूसरे चरण में स्टेबलिंग यार्ड में 20 लेन का ट्रैक तैयार करने की योजना है। मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक निरीक्षण यार्ड में ट्रैक सपोर्टिंग कालम लगाए जा रहे हैं और जल्द ही इस पर पटरियां बिछाने का काम शुरू किया जाएगा।

## दिखने लगा रैंप का स्ट्रक्चर

मेट्रो के डिपो से ट्रेन रैंप पर चढ़कर पिलर के वायडक्ट पर पहुंचेगी। इसके लिए रैंप बनाने का काम भी किया जा रहा है। जमीन से ऊपर रैंप का कांक्रीट स्ट्रक्चर दिखाई देने लगा है। इसके अलावा यहां पर तैयार हो रहे मेट्रो के आपरेशन कमांड सेंटर पर विद्युतीकरण व प्लंबिंग का कार्य किया जा रहा है।

## निरीक्षण यार्ड में बीम के ऊपर रखी जाएगी क्रेन

मेट्रो के निरीक्षण यार्ड में ट्रेन संबंधित ऊंचाई वाले कार्यों को करने के लिए एक क्रेन 24 घंटे मौजूद रहेगी। निरीक्षण यार्ड में सतह के ऊपर स्टील के बीम रखकर उसके ऊपर क्रेन को रखा जाएगा। 160 मीटर लंबे हिस्से में स्टील के बीम पर क्रेन चलेगी और सुधार कार्य करेगी। गौरतलब है कि डिपो के पास में मेट्रो का 920 मीटर का टेस्ट ट्रैक भी बनकर तैयार है। ट्रेन के असेंबल होने के बाद इस ट्रैक पर ट्रेन को चलाकर उसकी जांच की जाएगी।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**28th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 28.05.2023 | J2 | मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के 4 महीने बचे | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 28-05-2023 Pg-J2




गांधी नगर स्थित मेट्रो यार्ड, जहां 75 एकड़ में काम चल रहा है। फोटो : संदीप जैन

# मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के 4 महीने बचे

# सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर स्टेशनों का काम 50 फीसदी पूरा, डिपो का काम 30 फीसदी बचा, जुलाई तक पहुंच जाएंगे कोच

भास्कर संवाददाता | इंदौर

गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर के बीच 5.9 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर 2023 में करने का दावा है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इस हिस्से में बन रहे 5 स्टेशनों का काम 50 फीसदी पूरा कर लिया है। वहीं गांधी नगर में 75 एकड़ में आकार ले रहे मेट्रो ट्रेन डिपो का काम 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है। अफसरों का दावा है कि सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में सिविल वर्क 40 से 50 फीसदी पूरा हो चुका है। ऑटोमैटिक डोर सहित अन्य उपकरण खरीदी की प्रक्रिया भोपाल से शुरू कर दी गई है। जुलाई तक मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचना शुरू होंगे।

## ट्रायल रन के लिए सिर्फ एक कोच रखा जाएगा

डिपो का काम फरवरी-मार्च में शुरू कर दिया था, लेकिन अभी 30 फीसदी से ज्यादा काम बचा है। यहां ट्रायल के लिए सिर्फ एक कोच रखा जाएगा। इसलिए उसी तैयारी के हिसाब से काम किया जाएगा। बाकी नियमित रूप से चलने वाली ट्रेनों के लिहाज से इसका काम पूरा होने में समय लगेगा। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर 70 प्रशिक्षित लोगों की टीम को काम पर लगाया गया है। क्रेन की सहायता से पटरियों को ऊपर ले जाया जा रहा है। 900 मीट्रिक टन ट्रैक मिल चुका है। 500 मीट्रिक टन ट्रैक और आने वाला है।

## पहले चरण में 34.5 किमी का ट्रैक

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को पहले चरण में 34.5 किमी का एलिवेटेड और अंडरग्राउंड ट्रैक तैयार करना है। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए रोबोट चौराहे तक 17.5 किलोमीटर के हिस्से पर कॉरपोरेशन काम कर रहा है।
हालांकि इस समय पूरा ध्यान सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर है। फिलहाल पटरियां बिछाने और स्टेशन का काम किया जा रहा है।

### फैक्ट्स

**34.5** किमी का एलिवेटेड और अंडरग्राउंड ट्रैक तैयार करना है पहले चरण में

**17.5** किमी के हिस्से में काम चल रहा फिलहाल

**5.9** किमी में सितंबर 2023 में ट्रायल रन होगा

**40** से 50 प्रतिशत तक सिविल वर्क हो चुका सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर

## कनाड़िया रोड से राजबाड़ा तक के टेंडर भी निकाले

कनाड़िया रोड से राजबाड़ा तक अलाइनमेंट तय होने के बाद कॉरपोरेशन ने उसके टेंडर भी निकाल दिए हैं। बिड करने की अंतिम तारीख 13 जून है। कई कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। बिड मिलने के बाद उसे खोला जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | नई दुनिया | इंदौर | 28.05.2023 | 3 | मेट्रो ट्रेन की आरामगाह.. रोज यहाँ सुस्ताएगी अगले दिन फराटा भरने के लिए | Neutral |



# मेट्रो ट्रेन की आरामगाह... रोज यहां सुस्ताएगी अगले दिन फर्राटा भरने के लिए



**इंदौर।** सुपर कारिडोर पर मेट्रो ट्रेन के यार्ड का काम तेजी पर है। यहां हर दिन मेट्रो ट्रेनें सुस्ताएंगी और अगले दिन चलने के लिए तैयार होंगी। इस जगह ट्रेनों को खड़ा करने और रखरखाव का स्थान बनाया जा रहा है। यहां पिट लाइन बनेगी और ट्रेन के डिब्बों का मैकेनिकल चेकअप भी होगा। इन्हें हर दिन जांचा-परखा जाएगा कि इनमें कोई खराबी तो नहीं है। दरअसल, इंदौर में 23 सितंबर को मेट्रो के 5 .5 किलोमीटर हिस्से का ट्रायल रन होना तय है। ऐसे में अब गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कारिडोर के हिस्से में मेट्रो के पिलर के ऊपर बनाए गए वाया डक्ट पर रेल की पटरी बिछाने का काम किया जा रहा है। एयरपोर्ट के पास इस हिस्से में अद्भुत नजारा दिखेगा। ● राजू पवार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 28.05.2023 | 3 | सितंबर मे सुपर कॉरिडर ओर ट्रायल रन की तयारी मे जुटी कंपनी | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल | राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | प्रादेशिक | खेल | व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 May 28, 2023


**स्मार्ट सिटी** | **तीन डिब्बों की मेट्रो ट्रेन में बैठ सकेंगे 150 यात्री, प्रोजेक्ट पर 70 फीसदी से अधिक काम पूरा**

# सितंबर में सुपर कॉरिडोर पर ट्रॉयल रन की तैयारी में जुटी कंपनी


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287




स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम सुपर कॉरिडोर से रोबोट चौराहा तक 70 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। लवकुश चौराहा के आगे अगले माह से पटरियां बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। इंदौर में तीन डिब्बे वाली ट्रेन का संचालन होगा। इसमें एक बार में 150 यात्री सफर कर सकेंगे।

सितंबर के प्रथम सप्ताह में सुपर कॉरिडोर के 6 किलोमीटर के दायरे में ट्रायल रन किया जाएगा। ये डिब्बे वड़ोदरा में निर्मित किए जा रहे हैं। इन्हें 20 अगस्त के बाद इंदौर लाने की प्रक्रिया शुरू होगी। डिब्बों की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर रहेगी। कॉरिडोर पर ट्रेन की एडमिन बिल्डिग का 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है। यह ट्रेन 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलाई जाएगी। इसके पहले पटरियों पर मॉकअप कोच को प्रायोगिक तौर पर चलाया जाएगा। ट्रेन का संचालन मेट्रो ट्रेन की कंपनी 15 साल तक करेगी। विधानसभा चुनाव के पहले सरकार शहरवासियों को मेट्रो ट्रेन की सौगात देने की तैयारी में जोर-शोर से लग गई है। इसके चलते रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम किया जा रहा है।

**कॉरिडोर पर दो स्टेशन-** करीब 11 किलोमीटर के सुपर कॉरिडोर पर ट्रेन के दो स्टेशन रहेंगे। यहां दिलीप नगर में मुख्य स्टेशन का काम अंतिम दौर में है। इसके आगे दूसरा स्टेशन लवकुश चौराहा से करीब 800 मीटर दूर रहेगा। लवकुश चौराहा के बाद कुमेड़ी में आकार ले रहे अंतर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) पर तीसरा स्टेशन बनाया जाएगा। कुमेड़ी में ही नगर निगम इलेक्ट्रिक बस का चार्जिंग पॉइंट व स्टॉपेज बनाएगा, जिससे यहां उतरने वाले यात्री बस सेवा का लाभ भी ले सकें।

## लवकुश चौराहा पर इसलिए थ्री लेयर ब्रिज

लवकुश चौराहा पर शहर का पहला थ्री लेयर ब्रिज बनाया जाएगा। यहां नीचे सड़क, ऊपर फ्लायओवर और उसके बाद मेट्रो ट्रेन चलेगी। इससे चौराहे का यातायात सुधरेगा। इसी क्रम में विजयनगर चौराहा पर भी बीआरटीएस के ऊपर से मेट्रो के लिए ब्रिज बनाना प्रस्तावित था, जिसे विराम दिया गया है। यहां रोटरी तोड़ने से यातायात सुगम हो सका है।

### जून में एयरपोर्ट पर काम

एयरपोर्ट के यात्रियों को ट्रेन की सुविधा देने छह माह पहले घोषणा की गई थी कि मेट्रो का एक स्टेशन एयरपोर्ट पर भी होगा। इसके लिए एयरपोर्ट प्रबंधन ने जगह भी चिन्हित कर दी। कॉरिडोर से एयरपोर्ट रोड तक मेट्रो का काम शुरू हो गया है। स्टेशन का काम जून में शुरू किया जाएगा।